# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बागेश्वर

पत्रांक – 996 /2ई0व0भू0, दिनांक 24 /04/2018

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
बागेश्वर वन प्रभाग,
बागेश्वर।

विषय :– राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर में मोनियॉम्योल–गुमची–भनार–भूमियागाड़–धार की टोली–सब्जी–भेंसखाल–भोलाथल मोटर मार्ग का निर्माण। प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/23185/2016)

सन्दर्भ :– **Online Objection Dated 02-04-2018**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सन्दर्भ का अवलोकन करने का कष्ट करें, लगायी गयी आपत्तियों का निस्तारण कर निस्तारण आख्या निम्न प्रकार है :–

| क्र0सं | लगायी गयी आपत्ति | आपत्ति का उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | Employment generation data, it is seen that temporary employment of 30 man days and permanent employment of 04 numbers is shown at SR No. E online. It does not appear to be correct, Permanent Employment should be 0. | Employment generation data has been corrected at Sl. No. E online. As per direction from your end. |
| 2 | Justification is not authenticated by DFO in Form A, part I, please upload Justification at para-D(i) in form A. part-I authenticated by DFO. | Justification is uploaded at para-D(i), part-I authenticated by DFO. |
| 3 | The other documents uploaded at the place of non-Encumbrance certificate in Column L-(iv) of Form A, part I regarding certificate rectify accordingly. | As per direction action has been taken. |
| 4 | Suitability certificate of land identified for CA is not opening online part-II, please re-upload the CA suitability certificate by DFO. | Action taken from your end please. |

Therefore, you are request to upload the same from your end please.

Executive Engineer
Provincial Division PWD
Bageshwar

प्रपत्र–11

परियोजना का नामः– जनपद बागेश्वर में विधानसभा क्षेत्र बागेष्वर के अन्तर्गत मोनियॉम्योल–गुमची–भनार–भूमियागाड़–धार की टोली–सब्जी–भेंसखाल–भोलाथल मोटर मार्ग निर्माण।

## परियोजना का औचित्य

मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या 872/2014 के अन्तर्गत राज्य योजना में शासनादेश संख्या 6099/111(2)/16-13(मु.मं.घो.)/2015 दिनांक 18 अगस्त,2015 द्वारा जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र, बागेश्वर के अन्तर्गत मोनियॉम्योल–गुमची–भनार–भूमियागाड़–धार की टोली–सब्जी– भेंसखाल–भोलाथल मोटर मार्ग निर्माण 15.00 कि.मी. लम्बाई हेतु रू0 212.10 लाख की (प्रथम चरण–यथा सर्वेक्षण, वनभूमि की स्वीकृति आदि कार्यों हेतु) प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। प्रस्तावित मोटर मार्ग वास्तविक सर्वे के अनुसार लम्बाई 7.50 किमी0 आती है। भारत सरकार से वन भूमि स्वीकृति उपरान्त राज्य सरकार द्वारा मोटर मार्ग निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की जायेगी।

विधान सभा बागेश्वर का लगभग 20 कि0मी0 में फैला ग्राम पंचायत वज्यूला एवं अयारतोली क्षेत्र दूरस्थ मे होने से यातायात की दृष्टि से काफी पिछड़ा है। वन क्षेत्र के मध्य में स्थित ग्राम पंचायत अयारतोली एवं वज्यूला की 2011 की गणना के अनुसार कुल (जनसंख्या (2170) अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नहीं जुड़े हैं। वन क्षेत्र के निकट का ग्राम होने एवं यातायात की सुविधा के अभाव में स्थानीय जनता अपने दैनिक उपयोग के लिए वनों पर आश्रित रहती है जिस कारण प्रतिवर्ष काफी संख्या में वृक्षों का पातन होता हैं। इस मोटर मार्ग का निर्माण हो जाने से स्थानीय जनता को परिवहन एवं यातायात की सुविधा के साथ ही गैस प्राप्त करने में सुविधा होगी जिससे जंगलों को बचाने में भी मदद मिलेगी। ग्राम वज्यमला एवं अयारतोली में प्राइमरी विद्यालय, बैंक, स्वास्थ केन्द्र एवं *अन्य राजकीय इकाई कार्यालय हैं, आने* जाने की कठिनाई के कारण कोई भी अध्यापक एवं अन्य कर्मचारी योगदान नहीं करना चाहते जिससे प्रारम्भिक शिक्षा की स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र का शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य व्यवसाय का मुख्य केन्द्र बैजनाथ हैं। मोटर मार्ग निर्माण होने से बच्चों को विघ्यालय आने जाने में सुविधा होगी जिससे बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा। मोटर मार्ग निर्माण हेतु न्यूनतम आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 9 मीटर चौड़ाई में ही भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावित किया गया है जिसमें अवशेष मलवा निस्तारण हेतु प्रस्तावित स्थलों को सम्मिलित करते हुए कुल 4.259 है0 वन भूमि एवं विभिन्न प्रजाति एवं व्यास के कुल 138 वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं। यह क्षेत्र चीड़ बाहूल्य क्षेत्र है जिसमें प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में चीड़ के वृक्ष प्राकृतिक रूप से उगते है। मोटर मार्ग निर्माण उपरान्त 5 वर्ष के अन्दर स्वतः ही उगने की वजह से काटे जाने वाले वृक्षों की क्षतिपूर्ति हो जायेगी। उल्लेखनीय है कि जनपद बागेश्वर में लगभग 71 प्रतिशत भू–भाग वनाछादित है। जनहित में बुनियादी ढांचे के विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने, वनों की सुरक्षा, पहाड़ी क्षेत्र से पलायन रोकने, आपदा के समय प्रभावितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन हेतु वन भूमि के उपयोग के अलावा और कोई विकल्प नहीं हैं। अतः उपरोक्त कारणों से इस मोटर मार्ग का निर्माण वन भूमि में प्रस्तावित किया गया है जो अपरिहार्य एवं औचित्यपूर्ण है।

सहायक अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर
(मुहर: सहायक अभियंता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, बागेश्वर)

(मुहर: प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग)

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर
(मुहर: प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, बागेश्वर)